हरिभूमि
# रत्न भूमि
रायपुर, शुक्रवार 27 फरवरी 2026

तापमान
अधिकतम 32.0 डिग्री
न्यूनतम 18.0 डिग्री

11 चंदना में छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती एवं वार्षिक अधिवेशन



12 शिक्षा ही सशक्त राष्ट्र की आधारशिला : अनिल चंद्राकर





## समस्या : आवारा कुत्तों के आंतक से मवेशी मालिक व बच्चों की सुरक्षा को लेकर लोग परेशान

# आवारा कुत्तों का खौफ, एक हफ्ते में 14 लोगों को बनाया शिकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

मैनपुर नगर सहित क्षेत्र में एक बार फिर आवारा कुत्तो ने जमकर आतंक मचाना शुरू कर दिया है एक दिन में आवारा कुत्ता ने 05 लोगों को बुरी तरह काटा है तो वहीं पिछले एक सप्ताह में 14 लोगों को आवारा कुत्तों ने काटा जिसका इलाज अस्पताल में किया जा रहा है। मिली जानकारी के अनुसार बुधवार को हरदीभाठा के महज 7 वर्षीय बच्चे डेविश, भाठीगढ़ निवासी किशोर, बिरेन्द्र एवं धवलपुर निवासी मोहन तथा छिन्दौला निवासी रामेश्वर को आवारा कुत्तों ने बुरी तरह काटा है जिनका उपचार मैनपुर अस्पताल में किया जा रहा है तो वहीं इन दिनों लगातार आवारा कुत्तों के आतंक से लोगों में ▶▶| शेष पेज 10 पर

■ मासूम बच्चे भी चपेट में



### गली-मोहल्लों से लेकर बस स्टैंड तक झुंड का कब्जा

नगर के बस स्टैंड, हाट-बाजार, चौक-चौराहे और गली-मोहल्लों में खूंखार कुत्तों ने डेरा डाल रखा है। हरदीभाठा, नहानबिरी, भाठीगढ़, जाड़ापदर, नदीपारा, गौरघाट, और कोदोभाठ जैसे दर्जनों गांवों में कुत्तों के झुंड रास्तों पर बैठे रहते हैं। ये न केवल इंसानों को दौड़ा रहे हैं, बल्कि पालतू मवेशियों और छोटे जानवरों को भी अपना शिकार बना रहे हैं।

### रात भर भौंकने से लोग हलाकान

आवारा कुत्तों का आंतक इतना है कि ये आवारा कुत्ते चौक चौराहे व रास्तों पर झुंड बनाकर बैठे रहते है जिससे मवेशियों को काटने की शिकायत आए दिन मिलती रहती है, छोटे- छोटे जानवरों से लेकर कमजोर मवेशियों को सुनसान जानकर झपड़ पड़ते है, रात भर कुत्तों के भौंकने से लोग हलाकान हो रहे है कोलाहल के साथ साथ कभी छोटे बच्चे एवं बुजुर्गो को भी दौड़ाने मे पीछे नहीं हटते, मार्गो पर आवागमन होते रहने के साथ लोग इन कुत्तों के आतंक से तो बच जाते है पर सबसे बड़ा खतरा छोटे-छोटे स्कूली छात्र-छात्रओं को जो सबेरे होते ही सूने मार्गो से स्कूल जाते है, रात्रि कालिन अवागमन करने वाले लोग डण्डे या पत्थर ईट लेकर रास्ता पार करते हैं तो वहीं ये आवारा कुत्ते सुने पन का फायदा लेकर लोगों को दौड़ाने में कसर नहीं छोड़ते है। रात के समय अनजान व्यक्ति यदि धोके से मैनपुर नगर में पहुंच जाए तो इन आवारा कुत्तों के आंतक से उनका हालत खबरा हो जाएगा कई बार अनजान व्यक्तियों को रात में कुत्तें के हमले का शिकार होना पडा है।

# मिट्टी परीक्षण के खुले गड्ढे दे रहे हादसों को न्योता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम





नवापारा रेल्वे क्रॉसिंग क्षेत्र में प्रस्तावित फ्लाईओवर निर्माण से पहले मिट्टी परीक्षण का कार्य शुरू तो हो गया है, लेकिन यह प्रक्रिया अब लोगों की चिंता का कारण बनती जा रही है। ठेकेदार के मजदूरों द्वारा पंडित दीनदयाल उपाध्याय चौक से चंपारण चौक तक नेशनल हाइवे सड़क के बीच लगभग सोलह स्थानों पर गड्ढे खोदकर मिट्टी परीक्षण किया जाना है। इनमें से तीन स्थानों पर परीक्षण पूरा भी हो चुका है, लेकिन सिर्फ एक स्थान के गढ्ढा को पाटा गया जबकि दूसरा स्थान का गढ्ढा जो बस स्टेण्ड का सामने का हिस्सा पड़ता है नेशनल हाइवे है इसे खुला छोड़ दिया गया है जिसे आप इस तस्वीर में देख सकते है। इस गड्ढे को खुला छोड़ दिया गया है, जिससे रात में बड़ी दुर्घटना की आशंका उत्पन्न हो गई है। स्थानीय नागरिकों के अनुसार, जिन स्थानों पर खुदाई की गई है, वहां न तो सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम हैं और न ही चेतावनी संकेतक लगाए गए हैं। राहगीरों, दुपहिया चालकों और स्कूली बच्चों के लिए यह स्थिति बेहद खतरनाक बन गई है। दिन में तो किसी तरह लोग संभलकर निकल रहे हैं, लेकिन रात के समय खुले गड्ढे गंभीर हादसों को न्योता दे रहे हैं। सबसे चिंताजनक पहलू यह है कि मौके पर न तो कोई जिम्मेदार इंजीनियर दिखाई दे रहा है और न ही ठेकेदार का कोई अधिकृत प्रतिनिधि। केवल मजदूरों के भरोसे मिट्टी परीक्षण का कार्य कराया जा रहा है। तकनीकी और संवेदनशील माने जाने वाले इस कार्य में विशेषज्ञों की अनुपस्थिति ने लोगों में आक्रोश पैदा कर दिया है।

## खबर संक्षेप

### 2 निर्माण कार्य के लिए 5.50 लाख 5 स्वीकृत

**मैनपुर।** बिन्द्रानवागढ़ विधानसभा क्षेत्र के विधायक जनक ध्रुव की अनुशंसा पर कलेक्टर बीएस उइके ने 2 निर्माण कार्यों के लिए 5 लाख 50 हजार रूपये की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की है। जिला योजना एवं सांख्यिकी कार्यालय से प्राप्त जानकारी अनुसार विकासखण्ड देवभोग अंतर्गत ग्राम पंचायत सुकलीभाटा नवीन के आश्रित ग्राम बरही में लंकेश्वरी मंदिर मार्ग में पुलिया निर्माण के लिए 5 लाख रूपये की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। इसी प्रकार विकासखण्ड छुरा के ग्राम पंचायत रसेला में चबुतरा निर्माण के लिए 50 हजार रूपये की स्वीकृति राशि प्रदान की गई है। उक्त निर्माण कार्य के लिए क्रियान्वयन एजेंसी का दायित्व मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत देवभोग एवं छुरा को सौंपा गया है।



### सट्टेबाज युवक गिरफ्तार

**महासमुंद।** सट्टेबाजी में लिप्त एक युवक को महासमुंद पुलिस ने गिरफ्तार किया है। कोतवाली पुलिस को 25 फरवरी को सूचना मिली कि एक व्यक्ति पुराना माल धक्का महासमुंद में अंकों से सट्टा पट्टी लिख रहा है। मौके पर पहुंचकर पूछताछकी गई जिस पर संदेही ने अपना नाम केशव राम ध्रुव पिता मनहरण ध्रुव (26 वर्ष) वार्ड नंबर 19 बढ़ईपारा महासमुंद बताया। आरोपी की तलाशी लेने पर उसके शर्ट के जेब से एक नग डाट पेन व एक नग सट्टा पट्टी जो 1020 रुपए का लिखा गा था और नगद रकम 1380 रुपये व मोबाइल को बरामद किया गया।

# इस बार 4 मार्च को खेली जाएगी होली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम



सनातन परंपरा और ज्योतिषीय गणना के अनुसार इस वर्ष होली पर्व के आयोजन में आंशिक परिवर्तन किया गया है। 2 मार्च को विधि-विधान से होलिका दहन किया जाएगा, जबकि 3 मार्च को ग्रहण लगने के कारण रंगों से होली नहीं खेली जाएगी। अब रंगोत्सव का उल्लास 4 मार्च को पूरे हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। पंडितों एवं ज्योतिषाचार्यों के अनुसार 3 मार्च को ग्रहण का प्रभाव रहने से उस दिन शुभ कार्य व मांगलिक आयोजन वर्जित रहेंगे। इसी कारण सामाजिक और धार्मिक संगठनों ने सर्वसम्मति से निर्णय लिया है कि रंगों का पर्व 4 मार्च को मनाया जाए, ताकि परंपरा की पवित्रता और आस्था दोनों अक्षुण्ण रह सकें। नगर के मंदिरों, मोहल्लों और सामाजिक समितियों ने भी इस निर्णय का स्वागत किया है। 2 मार्च ▶▶| शेष पेज 10 पर

■ चंद्रग्रहण के कारण बदला रंगोत्सव का कार्यक्रम

# 18 लीटर अवैध शराब जब्त, दो गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद



नशे के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान 'नया सवेरा' के तहत फिंगेश्वर पुलिस ने पृथक-पृथक दो प्रकरणों में कार्रवाई करते हुए 17.560 बल्क लीटर अवैध देशी मसाला और कच्ची महुआ शराब जब्त कर दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम की धारा 34(2) के तहत अपराध दर्ज कर उन्हें न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया है। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर जिले के सभी थाना प्रभारियों को अवैध शराब की बिक्री, परिवहन और सेवन पर सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं। इसी क्रम में थाना फिंगेश्वर पुलिस ने सूचना के आधार पर अलग-अलग स्थानों पर दबिश दी। पहले प्रकरण में ग्राम पसौद निवासी महादेव निषाद उर्फ देवा (40 वर्ष) को गिरफ्तार किया गया। उसके ▶▶| शेष पेज 10 पर



# उदंती टाइगर रिजर्व में रेस्क्यू कर उड़न गिलहरी के बच्चे को मां से मिलाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ मैनपुर

उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व में उड़न गिलहरी के बच्चे जो बिछड़ गया था उसका सफल रेस्क्यू कर उसके मां से मिलाया गया। उड़न गिलहरी के बच्चे को मां से मिलाने के लिए रात भर वन विभाग की टीम घने जंगल के अंदर सुरक्षित दूरी बनाकर इंतिजार करता रहा और पूरा घटनाक्रम ट्रैप कैमरे में कैद हो गया। इस दौरान बिलासपुर के वाइल्डलाइफ एक्सपर्ट अभिजीत शर्मा, रेंजर केजूराम कोरचे, वनरक्षक सुधांशु वर्मा, पेट्रोलिंग श्रमिक सूरज पात्र, राजेंद्र नागेश ने रेस्क्यू ऑपरेशन किया। रात भर बन विभाग की टीम ने मौके से सुरक्षित दूरी बनाकर माँ के आने का इन्तेजार किया, ट्रैप कैमरा लगाया गया रात 10 बजे उड़न गिलहरी की माँ की आहट हुई और 12 बजे तक बच्चे को लेकर घने जंगलों में चली गई। उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व के जंगल में उड़न गिलहरी के बच्चे का सफल रेस्क्यू कर उसकी मां से मिलाया गया। मैनपुर के पत्रकार हसन खान एवं रक्शापथरा प्राथमिक विद्यालय के शिक्षक धनसिंह नेगी द्वारा दिनांक 25 फरवरी 2026 को सुबह 11:50 बजे उपनिदेशक कार्यालय को सूचना दी गई कि गोना जाने वाले मार्ग पर एक सूखा धावड़ा का वृक्ष गिर गया है एवं उस वृक्ष पर एक अज्ञात जानवर (उड़न गिलहरी का बच्चा) अकेला बैठा है एवं चींटियो द्वारा चोटिल किया जा रहा है तत्काल उड़न गिलहरी के बच्चे का रेस्क्यू शुरू किया गया शिक्षको द्वारा बच्चे को स्कूल में छाव में ले जाया गया तौरेंगा (बफर) परिक्षेत्र की टीम मौके पर पहुंची और उड़न गिलहरी के बच्चे को अपनी कस्टडी में लेकर मौके का मुआयना किया। मौके पर सूखे श्रावड़ा वृक्ष में उड़न गिलहरी का घोंसला कोटर पाया गया किन्तु बच्चे की मां नहीं मिली।

## रात 10:00 बजे मादा उड़न गिलहरी की हुई आहट




वाइल्डलाइफ एक्सपर्ट अभिजीत शर्मा द्वारा दिए गए सुझाव अनुसार उड़न गिलहरी के बच्चे को पीपल, बड के फल खिलाए एवं पानी पिलाया गया, चूंकि उड़न गिलहरी निशाचर (रात्री में विचरण करने वाले) होते है इसलिए शाम होने तक इन्तजार किया गया ताकि रात्रि में यदि मां आसपास होगी तो बच्चे को लेने की संभावना होगी रेस्क्यू टीम ने शाम होते ही बच्चे को वापिस जंगल के पास साजा वृक्ष पर छोड़ दिया और कैमरा ट्रैप (बिना फ्लैश) लगाया गया और सुरक्षित दूरी से नजर रखी गई रात्री लगभग 10 बजे मादा उड़न गिलहरी की हलचल हुई और 2 घंटे में बच्चे को लेकर वापिस जंगल की ओर चली गई अगले दो दिनों तक टीम आसपास के जंगलों की निगरानी रखेगी ताकि मादा उड़न गिलहरी और बच्चे की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।

---

## खबर संक्षेप




### किसान मोर्चा के रामजी साहू उपाध्यक्ष व रामाधार बने मंत्री

**छुईहा बेलर।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव संगठन महामंत्री पवन साय की अनुमति एव किसान मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष आलोक सिंह ठाकुर, जिला संगठन प्रभारी अमित चिमनानी और जिला अध्यक्ष अनिल चन्द्राकर के अनुसंसा से किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष हलमन सिंह ध्रुवा ने कार्यसमिति की घोषणा की। जिसमे उपाध्यक्ष पद पर रामजी साहू बोड़की एंव मंत्री पद रामाधार साहू सेंदर की नियुक्ति की गई है। नव नियुक्त पदाधिकारी राम जी साहू, रामाधार साहू ने ने कहा जिला में किसानों के हित और संगठन की मजबूती के लिए काम करूंगा,जो भाजपा की विचारधारा के अनुरूप अंत्योदय और समृद्ध किसान के लक्ष्य को प्राप्त करने हर सम्भव प्रयास और किसान के सशक्तिकरण हेतु कार्य करूंगा। भाजपा जिलाध्यक्ष अनिल चन्द्राकार, किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष हलमन ध्रुवा ने नव नियुक्त पदाधिकारियों से उम्मीद जताई है कि इनके कुशल नेतृत्व और समर्पण के साथ, जिला के विकास में नए आयाम स्थापित करेंगे।

### फड़ मुंशियों को 25 हजार मानदेय दें सरकार : पंकज

**मैनपुर।** भारतीय जनता पार्टी ने अपने चुनाव घोषणा पत्र में सरकार बनने पर फड़ मुंशियों को 25,000 वार्षिक मानदेय देने का वादा किया था आज सरकार बने दो साल हो गये है लेकिन सरकार आज दो साल बाद भी अपने वायदे को पूरा नही कर पाई है। उक्त बाते अमलीपदर के वरिष्ठ कांग्रेस कार्यकर्ता पंकज मांझी ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कही है। कांग्रेस



नेता पंकज मांझी ने कहा कि अब तेन्दूपत्ता तोड़ाई का सीजन भी आ गया है तेन्दूपत्ता खरीदी का सिलसिला जारी हो गया है साख कर्तन प्रशिक्षण का आयोजन कर साख कर्तन का प्रशिक्षण भी फड़ मुंशियों को दिया जा रहा है छत्तीसगढ़ में भाजपा के चुनावी घोषणा पत्र के अनुरूप गरियाबंद जिला वनोपज सहकारी संघ ने मुख्यमंत्री विष्णुसाय को पत्र लिखकर तेंदूपत्ता फड़ मुंशियों को उनके कमीशन के अतिरिक्त 25,000 वार्षिक मानदेय देने की मांग की है राज्य में 902 प्राथमिक समितियों के लगभग 11,000 फड़ मुंशी कम मानदेय के कारण रोष में हैं क्योंकि वे वनोपज संग्रहण की रीढ़ हैं। उन्होने बताया कि फड़ मुंशी न केवल तेंदूपत्ता संग्रहण बल्कि बीमा, छात्रवृत्ति, और सर्वे जैसे कार्य भी संभालते हैं लेकिन वर्तमान में इन्हें बहुत कम लगभग 7200 सालाना मानदेय मिलता है, जो महंगाई के इस दौर में अपर्याप्त है इतने कम मानदेय से फड़ मुंशियों के सामने आर्थिक समस्या का सामना करना पड़ता है उन्होने मांग किया है कि भाजपा सरकार अपने वादे के मुताबिक फड़ मुंशियों को सालाना 25 हजार वार्षिक मानदेय प्रदान इसके लिए उनके द्वारा पत्र भी मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को लिखा गया है।

### सैयद चिराग अली बने कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष

**रसेला।** छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देश के बाद, जिला कांग्रेस कमेटी गरियाबंद के अध्यक्ष सुखचंद बेसरा ने संगठन का



विस्तार करते हुए जिले की नई कार्यकारिणी की आधिकारिक सूची जारी हुई है। जिसमें सैय्यद चिराग अली को जिला उपाध्यक्ष की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी दी गई है। इसके पहले अली जिला सचिव,फिर महामंत्री,अब जिला उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई है। ज्ञात हो कि चिराग अली का सांगठनिक सफर काफी प्रभावी रहा है। वे इससे पहले जिला कांग्रेस में सचिव, महामंत्री के रूप में अपनी सक्रियता दिखा चुके हैं। क्षेत्र में चिराग अली अपनी साफ़ सुथरी छवि और मिलनसार स्वभाव के लिए लोकप्रिय है।

---

## जानकारी : बाल विवाह मुक्त के लिए 348 आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने ली शपथ

# कानून तोड़ने पर होगी जेल




हरिभूमि न्यूज ⏭ मैनपुर

आकांक्षी ब्लॉक मैनपुर के सामुदायिक भवन में 100 दिवसीय बाल विवाह मुक्त भारत अभियान एवं बाल विवाह मुक्त छत्तीसगढ़ अभियान के तहत 348 आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं 13 सेक्टर सुपरवाइजर्स के लिए एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह प्रशिक्षण महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी अशोक पाण्डेय तथा नीति आयोग की सहयोगी संस्था एसोसिएशन फॉर वॉलंटरी एक्शन द्वारा प्रदान किया गया। इस कार्यक्रम में बाल विवाह के रोकथाम के लिए कार्यकर्ताओं की विस्तृत जानकारी दी गई।

महिला एवं बाल विकास के जिला कार्यक्रम अधिकारी अशोक पाण्डेय ने बताया कि प्रशिक्षण कार्यशाला के दौरान बाल विवाह से उत्पन्न होने वाली सामाजिक, स्वास्थ्य एवं आर्थिक समस्याओं जानकारी दी गई। इसके अलावा बाल विवाह बालिकाओं के शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य पर गंभीर प्रतिकूल प्रभाव डालता है। कम आयु में गर्भधारण होने से मातृ एवं शिशु मृत्यु दर में वृद्धि होती है तथा कुपोषण की समस्या और बढ़ जाती है। साथ ही बालिकाओं की शिक्षा बाधित होने से उनका समग्र विकास प्रभावित होता है, जिसका सीधा असर परिवार और समाज दोनों पर पड़ता है। इन विषयों को विभिन्न उदाहरणों के माध्यम से बताया गया, ताकि कार्यकर्ता समुदाय स्तर पर प्रभावी रूप से चर्चा कर बाल विवाह रोकथाम में सक्रिय भूमिका निभा सकें। बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 के प्रावधानों के अनुसार 18 वर्ष से कम आयु की बालिका तथा 21 वर्ष से कम आयु के बालक का विवाह बाल विवाह की श्रेणी में आता है। जो कि दंडनीय अपराध है। ऐसे विवाह में सहभागी सभी व्यक्ति अपराध के दायरे में आते हैं। अधिनियम के अनुसार 2 वर्ष तक का कठोर कारावास या 1 लाख रुपये तक का जुर्माना या दोनों का प्रावधान है।

**मातृ वंदना योजना का भी मिला प्रशिक्षण–** कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों को बाल विवाह विषय पर आधारित एक प्रेरक फिल्म दिखाई गई, जिसके माध्यम से विषय की संवेदनशीलता और गंभीरता को समझाया गया। इसके बाद सभी प्रतिभागियों ने बाल विवाह के विरुद्ध सामूहिक शपथ दिलाया गया और अपने–अपने कार्यक्षेत्र को बाल विवाह मुक्त बनाने का संकल्प लिया।

इस अवसर पर कार्यकर्ताओं को प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के संबंध में भी प्रशिक्षण दिया गया। इसमें योजना की अद्यतन प्रक्रिया, पात्रता, ऑनलाइन पंजीयन, आधार एवं एनपीसीआई सीडिंग, किस्तों के भुगतान तथा ड्यू लिस्ट क्लियरेंस से जुड़े महत्वपूर्ण बिंदुओं पर जानकारी प्रदान की गई। कार्यक्रम में जस्ट चिल्ड्रेन की सहयोगी संस्था समर्पित की पूरी टीम का सक्रिय सहयोग प्राप्त हुआ। जबकि बाल विकास परियोजना मैनपुर का विशेष योगदान रहा। प्रशिक्षण कार्यक्रम में जिला बाल संरक्षण अधिकारी अनिल द्विवेदी, जिला मिशन समन्वयक मनीषा वर्मा तथा सेक्टर पर्यवेक्षक भी उपस्थित रहे।

---

# कर्ज लो और घी पियो की नीति पर चल रही सरकार

हरिभूमि न्यूज ⏭ गरियाबंद

छत्तीसगढ़ सरकार के वित्त मंत्री ओपी चौधरी द्वारा प्रस्तुत बजट 2026-27 को लेकर प्रदेश की राजनीति गर्मा गई है। युवा कांग्रेस राजिम विधानसभा अध्यक्ष एवं फिंगेश्वर के पूर्व जनपद पंचायत उपाध्यक्ष योगेश साहू ने बजट को



किसान-विरोधी, युवा-विरोधी और गरीब-विरोधी करार देते हुए इसे पूंजीपतियों के हित में तैयार दस्तावेज बताया है। योगेश साहू ने आरोप लगाया कि बजट में न तो धान के समर्थन मूल्य में बढ़ोतरी का प्रावधान है और न ही युवाओं के स्थायी रोजगार के लिए ठोस योजना। उन्होंने कहा कि ग्रामीण अंचलों के लाखों किसान आज भी न्यूनतम समर्थन मूल्य से वंचित हैं, जबकि कॉर्पोरेट घरानों को लाभ पहुंचाने वाली नीतियां प्राथमिकता में हैं। बेरोजगारी भत्ता और महिला सुरक्षा जैसे मुद्दों पर भी सरकार केवल घोषणाएं कर रही



है, जमीनी क्रियान्वयन का अभाव स्पष्ट है। उन्होंने मांग की कि धान का समर्थन मूल्य 3500 रुपये प्रति क्विंटल किया जाए, प्रत्येक बेरोजगार युवा को 4000 रुपये मासिक भत्ता दिया जाए, ग्रामीण विकास का बजट 50 प्रतिशत बढ़ाया जाए तथा किसानों की पूर्ण कर्जमाफी लागू की जाए। साहू ने चेतावनी दी कि युवा कांग्रेस इस बजट के विरोध में प्रदेशव्यापी आंदोलन छेड़ेगी।

### कर्ज बोझ पर भी सवाल

साहू ने राज्य की वित्तीय स्थिति पर चिंता जताते हुए कहा कि बीते दो वर्षों में 28 हजार करोड़ रुपये से अधिक का कर्ज लिया गया है और राज्य पर कुल कर्ज 14 लाख करोड़ रुपये से अधिक बताया जा रहा है। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि सरकार ने "कर्ज कर्ज लो और घी पियो - चार्वाक के इस कथन को छत्तीसगढ़ की विष्णु देव सरकार ने अपनी वित्त नीति बना लिया है। विगत दो सालों में 28000करोड़ से भी अधिक का कर्ज लेकर सरकार ने अपने कमजोर वित्तीय प्रबंधन को उजागर कर दिया है। अब राज्य पर कुल कर्ज 1,429,641.000 मिलियन रुपये के पार पहुंच गया है। सरकार की खर्चीली नीतियों का बोझ जनता कब तक उठाएगी? पूर्व जनभागीदारी अध्यक्ष हरमेश चावड़ा ने सांय सरकार के आम बजट पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा की सरकार ने अभी तक 28 हजार करोड़ से अधिक का कर्ज दो सालों में ले लिया है। आने वाले पांच साल में छत्तीसगढ़ सिर से पैर तक कर्ज में डूबा होगा।

---

# लोकआस्था सेवा संस्थान ने चलाया नशामुक्त जागरूकता अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ रसेला




लोक आस्था सेवा संस्थान के द्वारा अंचल के विभिन्न गांव में जाकर नशामुक्ति पर जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। लोक आस्था सेवा संस्थान के सचिव लता नेताम और अध्यक्ष हेमनारायण मानिकपुरी के दिशा निर्देश में निसार बेगम की अगुवाई में गांव-गांव जाकर महिला, यूथ, बच्चे को शामिल करके किसी भी प्रकार का नशा जैसे शराब, गांजा, तम्बाकू व अन्य मादक पदार्थों का सेवन नहीं करने के लिए जागरूक किया जा रहा है। नशा से होने वाले दुष्प्रभाव के बारे में बताया जा जा रहा है। नशा से स्वयं के शरीर और परिवार पर दुष्प्रभाव पड़ता है साथ ही बच्चों की शिक्षा, स्वास्थ और घर में महिलाओं के साथ हिंसा को बढ़ावा मिलता है। नशा करने वालो की घर की शांति नहीं रहती और आर्थिक बर्बादी होती है और उस व्यक्ति व परिवार को समाज में सम्मान की दृष्टि से देखा जाता है। इसीलिए परिवार, गांव व समाज को नशामुक्त होना चाहिए । पूर्व में संस्थान के द्वारा नशामुक्ति अभियान चलाकर छुरा ब्लाक के कई गाँव में महिलाओ के सहयोग से नशामुक्ति अभियान चलाया गया जिसके परिणाम सकारात्मक भी रहा है। जहां पर महिलाएं, बच्चे, शिक्षक परेशान थे वे आज वहां पर बदलाव देखा जा सकता है। सभी से अपील किया जा रहा है कि नशा से हम सभी को दूर रहना चाहिये । वर्तमान में युवा वर्ग नशा में ज्यादा अग्रसर हो रहे है, इस युवा पीढ़ी को नई सोच के साथ समाज के उत्थान के लिए आगे आना होगा। गाँव -गाँव में जुलुस निकालकर "आज का युवा जागेगा, नशा खुद भागेगा, आओ मिलकर ठानें आज, नशामुक्त बने अपना समाज, नशा छोड़ो-जीवन से नाता जोड़ो, लोक आस्था का यह सन्देश -नशामुक्त हो अपना देश की नारा लगाते हुए रैली निकालकर लोगों को जागरूक किया गया । इस अभियान में महिला मुखिया, यूथ, बच्चे, पंचायत प्रतिनिधियों का विशेष सहयोग रहा है।

---

# गुरु दर्शन मेला गिरौदपुरी में डॉ. मतावले गुरुजी सहित प्रतिनिधिमंडल का सम्मान



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजिम

गिरौदपुरी धाम में आयोजित तीन दिवसीय गुरुदर्शन मेला में राजिम क्षेत्र के सामाजिक कार्यकर्ताओं ने गुरुधाम पहुंचकर आशीर्वाद लिया। इस अवसर पर आध्यात्मिक आस्था और सामाजिक समरसता का अनुपम संगम देखने को मिला। सामाजिक कार्यकर्ताओं में विशेष रूप से डॉ आनंद मतावले गुरुजी, राज्यपाल शिक्षक सम्मान से पुरस्कृत शिक्षक भागचंद चतुर्वेदी तथा पितईबंद के सरपंच प्रतिनिधि सहदेव बंजारे विशेष रूप से शामिल थे। कार्यक्रम के दौरान संत गुरुघासी दास वेलफेयर फाउंडेशन एवं अनुसूचित जाति, जनजाति अधिकारी एवं कर्मचारी संघ अजाक्स के तत्वावधान में निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन प्रांतीय सचिव डॉ. अमित मिरी के कुशल मार्गदर्शन में किया था। चिकित्सा शिविर में उपस्थित अतिथियों का डॉ. अमित मिरी प्रांतीय सचिव अजाक्स द्वारा संत गुरुघासी दास बाबा जी का छायाचित्र भेंट कर आत्मीय सम्मान किया गया। यह सम्मान श्रद्धा, समर्पण और सामाजिक एकता का प्रतीक बना। डॉ आनंद मतावले गुरुजी ने संत गुरुघासी दास बाबा जी के सतनाम संदेश को मानवता, समानता और सत्य के मार्ग का प्रकाश स्तंभ बताया। बाबा जी का संदेश आज भी समाज में व्याप्त कुरीतियों से मुक्त कर सदभाव, नैतिकता और भाईचारे की ओर अग्रसर करता है। भागचंद चतुर्वेदी ने कहा कि गिरौदपुरी धाम केवल एक तीर्थ नहीं, बल्कि सामाजिक जागरूकता और आध्यात्मिक चेतना का केंद्र है। सरपंच प्रतिनिधि सहदेव बंजारे ने भी बाबा जी के बताए मार्ग पर चलने का संकल्प दोहराया और समाज में शिक्षा, स्वास्थ्य एवं सेवा के कार्यों को आगे बढ़ाने की बात कही। इस अवसर पर डॉ. कैलाश आडिल, गोविंद चतुर्वेदी, अमन मांडे, पंकज मांडे, भारत आंडेय, सहित सेवाभावी डॉक्टरों की टीम मौजूद थी जिन्होंने सेवा और सहयोग की भावना से कार्यक्रम में सहभागिता निभाई। कार्यक्रम के दौरान सतनाम के जयघोष और भक्तिभाव से संपूर्ण वातावरण भक्तिमय हो उठा। कार्यक्रम ने सामाजिक एकता, आध्यात्मिक चेतना और सेवा भावना का सशक्त संदेश दिया।

---

# 12वीं कक्षा के डिजिटल मूल्यांकन के लिए मॉक ड्रिल आज, तय समय पर ऑनलाइन हाजिरी लगाएंगे शिक्षक

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

प्रदेश के सीबीएसई स्कूलों में आज 11वीं-12वीं के शिक्षकों के लिए ऑन-स्क्रीन मार्किंग सिस्टम का अनिवार्य मास मॉक इवैल्यूएशन आयोजित किया जाएगा। सभी शिक्षकों को निर्धारित समय पर स्कूल से लॉगिन कर इसमें शामिल होना होगा। केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने यह निर्णय लिया है। इस संबंध में बोर्ड ने 24 फरवरी को नोटिस जारी कर सभी संबद्ध स्कूलों के प्राचार्यों को आवश्यक निर्देश दिए थे। नोटिस में स्पष्ट किया गया है कि यह अभ्यास सत्र डिजिटल मूल्यांकन प्रणाली के तहत शिक्षकों को व्यावहारिक अनुभव देने के उद्देश्य से आयोजित किया जा रहा है। यह एक तरह से मॉक ड्रिल की तरह होगा।

सीबीएसई के अनुसार, डिजिटल इवैल्यूएशन सिस्टम के तहत लाइव प्रैक्टिस सेशन की सुविधा उपलब्ध कराई गई है, ताकि कक्षा 11 और 12 के शिक्षक इस प्रणाली से पूरी तरह परिचित हो सकें। इन सत्रों के जरिए यह सुनिश्चित किया जाएगा कि सभी शिक्षक सिस्टम में लॉग इन कर चुके हों और वास्तविक मूल्यांकन के लिए अपने लॉगिन क्रेडेंशियल सुरक्षित रखें। शिक्षकों को डिजिटल मूल्यांकन प्रणाली का प्रत्यक्ष अनुभव दिया जाएगा। इसके अतिरिक्त देश-विदेश के संबद्ध स्कूलों के मूल्यांकनकर्ताओं से मिले फीडबैक के आधार पर प्लेटफॉर्म को और बेहतर बनाने की कोशिश की जाएगी।

### रायपुर में सुबह 9:15 बजे से 9:45 बजे तक

बोर्ड के अनुसार, मास मॉक इवैल्यूएशन गुरुवार को आयोजित किया जाएगा। यह अभ्यास विभिन्न क्षेत्रों के लिए अलग-अलग समय स्लॉट में होगा। क्षेत्रवार समय-सारिणी सीबीएसई द्वारा जारी की गई है। इसके मुताबिक, नोएडा, पटना और लखनऊ सहित रायपुर सुबह 9:15 बजे से 9:45 बजे तक के स्लॉट में यह अभ्यास होगा। सीबीएसई ने यह भी कहा है कि परीक्षा के सुचारु संचालन को ध्यान में रखते हुए परीक्षा के शुरू और समाप्ति समय को इस अभ्यास से अलग रखा गया है। सीबीएसई ने स्पष्ट किया है कि शिक्षकों को निर्धारित समय में अपने स्कूल से ही लॉगिन करना अनिवार्य होगा। यदि घर से लॉगिन करने का प्रयास किया गया तो सिस्टम काम नहीं करेगा।

---

# निगम के नेता प्रतिपक्ष ने की भाठागांव बसस्टैंड के पास फुट ओवरब्रिज की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

महापौर मीनल चौबे द्वारा पार्षदों से नगर निगम के बजट 2026-27 के लिए सुझाव मंगाए गए हैं। इस संबंध में नगर निगम के नेता प्रतिपक्ष आकाश तिवारी ने शहर हित से जुड़े विभिन्न सुझाव दिए। उन्होंने भाठागांव बस स्टैंड मार्ग में लगातार ट्रैफिक जाम की समस्या के समाधान के लिए फूट ओवरब्रिज का सुझाव दिया है। भाठागांव बस स्टैंड मार्ग होने के कारण मठपुरैना, कुशालपुर सहित आसपास के रहवासी इलाके के लोग इसी मार्ग से होकर आना जाना करते हैं, इनमें पैदल चलने वालों की संख्या ज्यादा है। बसों की आवाजाही होने से दुर्घटनाएं होने की संभावना ज्यादा रहती है यदि वहां एक फुट ब्रिज बना दिया जाए तो हादसों पर लगाम लगेगी।



श्री तिवारी ने राजधानी के देवेन्द्र नगर, मारवाड़ी मुक्तिधाम, महादेवघाट रायपुर सहित अन्य मुक्तिधाम में गौकाष्ठ की उपयोगिता को बढ़ावा देने और गरीबी रेखा के अंतर्गत जीवन यापन करने वालों को अंतिम संस्कार के लिए निःशुल्क गोकाष्ठ उपलब्ध कराने का सुझाव दिया।

### पार्षद रेणु-जयंत साहू ने जोरा, फुंडहर और लभांडी के सौंदर्यीकरण का दिया सुझाव

लाल बहादुर शास्त्री वार्ड पार्षद रेणु-जयंत साहू ने महापौर मीनल चौबे को पत्र लिखकर निगम बजट के लिए जोरा में 3 तालाब, लभांडी 3 तालाब और फुंडहर के 2 तालाब के गहरीकरण, पचरीकरण कर तालाब की नियमित सफाई और सौंदर्यीकरण संबंधी सुझाव दिया है। उनका कहना है कि जल संरक्षण और भूजल स्तर में सुधार की दृष्टि से यह कार्य बहुत आवश्यक है। नगर निगम सीमा में उनके वार्ड को शामिल हुए अरसा बीत गया पर विकास की रफ्तार बहुत धीमी है। प्रमुख मांगों के डामरीकरण नहीं होने और निकास नाली की समुचित व्यवस्था के लिए बजट में प्रावधान किया जाए।

---

## पेज 9 के शेष...

### आवारा कुत्तों का...

भारी दहशत देखने को मिल रही है। तहसील मुख्यालय मैनपुर सहित अंचल के गांवों में इन दिनों आवारा कुत्तों का आतंक व्याप्त है जहां इन आवारा कुत्तों द्वारा लोगों को डराना और कभी मवेशियों को काटना आए दिनों की घटना बनती जा रही है, नगर के बस स्टैण्ड से लेकर हाट बाजारों, चौक चौराहो, गली मोहल्लों तक इन खतरनाक कुत्तों का आंतक व्याप्त है। देहारगुड़ा, दबनई सहित कई गांवों में आवारा कुत्तों के आतंक से लोग सहमे हुए है।

### इस बार 4 मार्च...

को होलिका दहन का समय 1 बजकर 26 मिनट से 2 बजकर 38 मिनट तक है। 3 मार्च को खंडग्रास चंद्रग्रहण के कारण प्रातः 9 बजकर 7 मिनट से सुतक लग जाएगा। स्पर्श शाम 6 बजकर 7 मिनट पर होगा और मोक्ष 6 बजकर 47 मिनट पर। 4 मार्च को रंग-गुलाल के साथ लोग एक-दूसरे को अबीर लगाकर, गले मिलकर और फाग गीतों के साथ होली का आनंद लेंगे। पंडित कन्हैया तिवारी ने हरिभूमि से चर्चा करते हुए इस बात की पुष्टि की और बताया कि 2 मार्च को 1:26 से 2:38 के बीच होलिका दहन किया जा सकता है। 3 मार्च को प्रातः 9 बजकर 7 मिनट से सुतक काल प्रारंभ होगा। स्पर्श शाम 6 बजकर 7 मिनट पर होगा तथा मोक्ष 6 बजकर 47 मिनट पर। पंडित तिवारी ने बताया कि ग्रहण काल में मंदिर का पट प्रातः 9 बजे बंद कर दिए जाएंगे जो शाम 7:30 बजे ही खोले जाएंगे। बसंत उत्सव का पर्व 4 मार्च को मनाना श्रेयस्कर है।

### 18 लीटर...

कब्जे से सफेद प्लास्टिक बोरी में रखी 42 पौवा देशी मसाला शराब (प्रत्येक 180 मिलीलीटर) कुल 7.560 बल्क लीटर, जिसकी अनुमानित कीमत 4200 रुपए है, बरामद की गई। दूसरे प्रकरण में ग्राम रक्शा निवासी तुलस कमार (22 वर्ष) को 10 लीटर अवैध कच्ची महुआ शराब के साथ पकड़ा गया। जब्त शराब की कीमत लगभग 2000 रुपये बताई गई है। दोनों मामलों में कुल 17.560 बल्क लीटर अवैध शराब, जिसकी कुल कीमत 6200 रुपये आंकी गई है, जब्त की गई है। पुलिस का कहना है कि जिले में अवैध नशे के कारोबार पर अंकुश लगाने के लिए अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा।

## खबर संक्षेप



### महेंद्रगढ़ स्कूल में पांचवीं के बच्चों को दी विदाई

**मैनपुर।** संकुल स्त्रोत केंद्र बिंद्रानवागढ़ के शासकीय प्राथमिक शाला महेंद्रगढ़ में गुरुवार को पांचवीं में अध्ययन रत छात्र -छात्राओं को विदाई सह नेवता भोज का आयोजन प्रधानपाठक इदरीश मोहम्मद खान व शीतला स्व सहायता समूह के द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित किया गया जिसमें बच्चों को खीर पूड़ी भोजन कराया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि तीसराम ध्रुव पालक थे। वहीं कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं को उपहार देकर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गई। कार्यक्रम को संकुल समन्वयक अनूप कुमार महाडिक ने संबोधित किया बच्चों को अन्य शालाओं में अगले वर्ष अध्यापन के लिए जाने पर शुभकामना दी। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से समन्वयक अनूपकुमार महाडिक प्रधानपाठक इदरीश मोहम्मद खान, संजय कुमार कश्यप, देवेश ठाकुर, योगेश साहू, चम्पेश्वर साहू, पंचायत सचिव विनय कुमार सिन्हा, पालक नीलम ठाकुर, मानसिंह, पतिराम ध्रुव स्व सहायता समूह से यशोदा जगत, हरी कुमार सहित छात्र-छात्राएं शामिल थे।

### बजट विकास को समर्पितः सोमनाथ

**राजिम।** सांसद प्रतिनिधि सोमनाथ पटेल ने बजट पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि यह बजट जनहित और विकास को समर्पित है। कहा कि बजट प्रदेश को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने और हर वर्ग के उत्थान के उद्देश्य से तैयार किया गया है,



बजट में किसानों, युवाओं, महिलाओं और व्यापारियों के लिए महत्वपूर्ण प्रावधान किए गए है, उन्होंने उसे गांव, गरीब और किसान हित में बताया है। सरकार का स्पष्ट उद्देश्य है अंतिम व्यक्ति तक विकास पहुंचना है। उन्होंने कहा कि बजट में अधोसंरचना विकास, शिक्षा स्वास्थ्य और रोजगार सृजन पर विशेष ध्यान दिया गया है।

### बजट किसान और युवा विरोधीः यशवंत

**नवापारा-राजिम।** जिला पंचायत सदस्य यशवंत साहू ने एक विज्ञप्ति में कहा कि राज्य सरकार द्वारा प्रस्तुत वर्ष 2026-27 का वार्षिक बजट प्रदेश के किसानों और युवाओं के हित में नहीं है। इस बजट में कृषि क्षेत्र की वास्तविक आवश्यकताओं और चुनौतियों की अनदेखी की गई है। प्रदेश के किसानों को आज बढ़ती हुई लागत-बीज, खाद, डीजल, बिजली



और कृषि यंत्रों के दाम-का गंभीर सामना करना पड़ रहा है, लेकिन बजट में इन बढ़ती लागतों के अनुरूप किसी प्रकार की ठोस राहत या विशेष प्रावधान नहीं किया गया है। न्यूनतम समर्थन मूल्य, अनुदान संबंधित मामलों में भी अपेक्षित सुधार देखने को नहीं मिला है। सिंचाई व्यवस्था के सुदृढ़ीकरण हेतु कोई नई ठोस एवं व्यापक योजना घोषित नहीं की गई है। वर्षा पर निर्भर खेती करने वाले किसानों के लिए जल संसाधनों का विस्तार और नहरों, तालाबों तथा लघु सिंचाई परियोजनाओं के विकास की अत्यंत आवश्यकता है, किंतु बजट इस दिशा में कोई विशेष प्रयास नहीं दिखाई देता है।

### नीरज ठाकुर जिला कांग्रेस गरियाबंद महामंत्री नियुक्त

**मैनपुर।** जिला कांग्रेस कमेटी गरियाबंद के नये कार्यकारिणी का गठन प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज के सहमति से जिला अध्यक्ष सुकचंद बेसरा द्वारा किया गया है जिसमें मैनपुर के वरिष्ठ कांग्रेस नेता नीरज ठाकुर को जिला महामंत्री नियुक्त किया गया है। नीरज ठाकुर कांग्रेस पार्टी को मजबुत



करने लगातार कार्य कर रहे है उन्हे यह जिम्मेदारी मिलने पर श्री ठाकुर ने कहा कांग्रेस पार्टी को मजबुत करने के लिए और अधिक कार्य किया जायेगा। उन्होने इस जिम्मेदारी के लिए प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज और जिला अध्यक्ष सुकचंद बेसरा के प्रति आभार व्यक्त किया है।

## समस्या : जल जीवन मिशन ठप, झरिया का पानी पीने ग्रामीण मजबूर

# पुल, शौचालय, सड़क, शिक्षा व स्वास्थ्य जैसी बुनियादी सुविधाओं को तरस रहा ग्राम सिंहार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

शासन प्रशासन के तमाम विकास के दावो के बीच आदिवासी विकासखण्ड मैनपुर क्षेत्र के ग्रामीण इलाकों में निवास करने वाले विशेष पिछड़ी जनजाति कमार आदिवासी ग्रामीणों को आजादी के 79 वर्षों बाद भी यदि पीने के लिए साफ पेयजल नसीब नहीं होना तमाम विकास की दावों की पोल खोलकर रख देती है। तहसील मुख्यालय मैनपुर से महज 10 किमी दूर ग्राम पंचायत जिड़ार के आश्रित ग्राम सिंहार की जनसंख्या 570 के आसपास है और यहां कमार जनजाति के लोग निवास करते है इस गांव में लाखों रूपए खर्च कर पानी का विशाल टंकी का निर्माण किया गया है और ग्रामीणो के घरों तक नल का कनेक्शन दिया गया है लेकिन आपको यह जानकर आश्चर्य होगा कि पिछले एक माह से नलजल योजना पूरी तरह ठप्प पड़ी हुई है और अभी से यहां के ग्रामीणों को पीने के पानी के लिए भारी मशक्कत करना पड़ रहा है। गांव से लगभग 500 मीटर की दूरी पर सुख चुके नदी में रेत को हटाकर झरिया खोदा गया है और उसके पानी का उपयोग पीने के लिए कर रहे है। कहने को तो गांव में आधा दर्जन हैंडपंप है लेकिन आयरनयुक्त लाल पानी निकलने के कारण ग्रामीण चाहकर भी हैंडपंप के पानी का उपयोग नही कर पा रहे है क्योकि हैंडपंप के पानी से खाना नही बन पाता और आयरन अधिक होने के कारण पानी लाल हो जाता है।







### पीएम आवास ग्रामीणों के लिए वरदान

ग्राम सिंहार मे प्रधानमंत्री आवास के तहत बड़ी संख्या में पक्का मकान निर्माण कार्य किया जा रहा है जिससे ग्रामीणो में खुशी देखने को मिलती है यहां के ग्रामीणो के लिए प्रधानमंत्री आवास किसी वरदान से कम नहीं है हाथी प्रभावित क्षेत्र होने के कारण प्रधानमंत्री पक्की आवास निर्माण से ग्रामीणों को सुरक्षा मिलेगी।

### करोड़ों की सड़क लेकिन पुल नदारदः बरसात में कट जाता है संपर्क

ग्राम पंचायत के उपसरपंच अमरूराम कमार, ग्रामीण सगराम नेताम, राजुलाल सोरी, धनसिंग सोरी, धरमसिंग, सहदराम, जन्मजय नेताम, खामसिंह नेताम एवं ग्रामीणो ने बताया प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत जिड़ार से सिंहार तक करोड़ो रूपये खर्च कर चार वर्श पहले पक्की सड़क का निर्माण किया गया है लेकिन नदी में पुल निर्माण नही होने के कारण यहां के ग्रामीणो को खासकर बरसात के दिनो में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। पैरी नदी में पुल निर्माण नहीं होने के कारण गर्भवती महिलाओं को अस्पताल तक ले जाने में भारी परेशानी होती है। स्वास्थ्य सुविधा की कोई सुविधा नहीं है। गांव के प्राथमिक शाला में 34 छात्र-छात्राएं अध्यनरत है मिडिल स्कूल नही होने के कारण 5वीं के बाद कई बच्चे पढ़ाई छोड़ देते है और तो और पिछले 12 फरवरी से स्कूल में मध्यान भोजन नहीं बन पा रहा है क्योकि रसोईया संघ हड़ताल में है। गांव में जो शौचालय बनाया गया था वह पूरी तरह खराब हो चुका है जिसके कारण ग्रामीणों को लोटा लेकर जंगल के तरफ जाना पड़ता है। यहां के ग्रामीण चाहकर भी खेती किसानी नहीं कर पाते क्योकि यह क्षेत्र हाथी प्रभावित क्षेत्र है और हाथियो के द्वारा यहां जमकर उत्पात मचाया जाता है साथ ही पथरीला जमीन होने के कारण फसल का सही उत्पादन नही होता। यहां विशेष पिछड़ी कमार जनजाति के लोग निवास करते है लेकिन इनके विकास और उत्थान के लिए चलाये जा रहे कमार परियोजना का लाभ ग्रामीणो को नही मिल पा रहा है।

## राशन दुकानों में चावल का संकट, सर्वर और स्टॉक की कमी से जूझ रहे ग्रामीण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा।

शासन की सबसे महत्वपूर्ण योजना मुख्यमंत्री खाद्यान्न योजना में राशन दुकानों में चावल की उपलब्धता नहीं होने पर लोगों को चावल उपलब्ध नहीं हो रहा है, कई स्थान पर आज भी चावल पहुंच रहा है, ग्राम हरदी में आज चावल पहुंचा है वितरण जारी है सेल्स मेंन ने बताया कि एक दिन में सिर्फ 60-70 को चावल देना संभव है क्योंकि चावल के लिए आए पाश मशीन में अंगूठा करने में समय लगता है और सर्वर सहित अन्य की समस्या होती है इस हिसाब से 27 ,28को सिर्फ 2 दिन है इसमें चावल का वितरण किया जाना है। इसी तरह राशन दुकान दादर गांव में आज 50 लोगों को चावल वितरण नहीं हो पाया था लोग चावल लेने सुबह 10:00 बजे से 12:00 तक बैठे रहे किंतु सेल्स मेंन ने बताया कि आज चावल खाली हो रहा है इसलिए वितरण कल होगा, हित ग्राहियों ने बताया कि वह बहेरा भाटा और कारी दादर से चावल लेने आए हैं किंतु आज भी चावल नहीं मिला है इसी तरह राशन दुकान मोगरा में कुल 545 कार्ड है जिसमें 309 को चावल वितरण हो गया है बाकी के लिए कब चावल आएगा यह बता पाना सेल्समैन के लिए भी नामुमकिन है। इसी तरह राशन दुकान चरौदा में 351 कार्ड में लगभग 300 लोगों को चावल वितरण हुआ है और बाकी के लिए चावल कब आएगा पता नहीं है, साथ ही साथ राशन दुकान पट पर पाली में लगभग 350 को चावल दिया जा चुका है किंतु लगभग 50 से 60 लोगों के लिए चावल उपलब्ध नहीं है। इस संबंध में



खाद्य अधिकारी ऋतु मौर्य ने कहा कि पूरे प्रदेश में यही स्थिति है भंडार का कार्य नागरिक आपूर्ति निगम के द्वारा किया जाता है हमारे द्वारा सिर्फ वितरण किया जाता है लगातार मांग की जा रही है कि नागरिक आपूर्ति निगम द्वारा चावल की सप्लाई नियमित करें। सबसे महत्वपूर्ण बातें हैं कि खाद्य विभाग के पोर्टल में प्रत्येक माह का चावल प्रत्येक माह वितरण किए जाने का प्रावधान है उसके पश्चात पोर्टल लॉक हो जाता है और लॉक होने के पश्चात जो छूट गए उन्हें फरवरी माह का चावल का वितरण नहीं हो पाएगा, खाद्य निरीक्षक ऋतु मौर्य ने बताया कि लगातार मांग आ रही है इसलिए मांग के जाएगा कि पोर्टल खोला जाए और फरवरी में बच को भी चावल वितरण किया जाएगा, अब तक 73%चावल का वितरण किया जा चुका हैं।

## दसवीं के अंग्रेजी पेपर में 4 परीक्षार्थी रहे अनुपस्थित



**नवापारा-राजिम।** पीएमश्री हरिहर शासकीय उत्कृष्ठ विद्यालय नवापारा को दसवीं एवं बारहवीं का बोर्ड परीक्षा केन्द्र बनाया गया है। केन्द्राध्यक्ष फाखरा खानम दानी ने बताया कि मंगलवार को दसवीं कक्षा के अंग्रेजी विषय की परीक्षा थी। जिसमें नियमित एवं स्वाध्यायी परीक्षार्थियों को मिलाकर कुल दर्ज 219 परीक्षार्थियों में से 215 परीक्षार्थी उपस्थित रहे एवं 4 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। जिसमें स्थानीय शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक शाला, ज्ञानदीप उच्चतर माध्यमिक शाला एवं नवकार पब्लिक स्कूल के परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी। इसी बीच जिला शिक्षा अधिकारी हिमांशु भारती अपनी टीम के साथ निरीक्षण के लिए पहुंचे। उन्होंने बताया कि परीक्षा शांतिपूर्ण ढंग से संचालित हो रही है। परीक्षा के लिए सम्पूर्ण व्यवस्था अच्छी की गई है। उन्होंने परीक्षा संचालन पर संतोष व्यक्त किया।

## चंदना में छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती एवं वार्षिक अधिवेशन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

दिल्लीवार क्षत्रिय कुर्मी समाज द्वारा ग्राम चंदना में वीर शिरोमणि छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती एवं समाज का वार्षिक अधिवेशन अत्यंत श्रद्धा, उत्साह और गरिमामय वातावरण में मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ समाज की महिलाओं द्वारा भव्य कलश यात्रा निकालकर किया गया। कलश यात्रा के दौरान शिवाजी महाराज के जयकारों से पूरा ग्राम गुंजायमान हो उठा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में कुरूद विधायक के प्रतिनिधि प्रतिभा अजय चंद्राकर उपस्थित रहीं। उन्होंने कहा कि छत्रपति शिवाजी महाराज साहस, स्वाभिमान और सुशासन के प्रतीक थे। उनका जीवन हमें राष्ट्रहित, धर्मरक्षा और समाज के उत्थान के लिए समर्पित रहने की प्रेरणा देता है। उन्होंने समाज की एकजुटता और शिक्षा के प्रति बढ़ती जागरूकता की सराहना की। विशेष अतिथि के रूप में मौजूद जनपद के पूर्व अध्यक्ष श्याम साहू ने कहा कि शिवाजी महाराज ने सीमित



संसाधनों में भी अद्वितीय संगठन शक्ति और नेतृत्व क्षमता का परिचय दिया। समाज को उनके आदर्शों पर चलते हुए युवा पीढ़ी को संस्कार और शिक्षा से सशक्त बनाना चाहिए। जनपद सदस्य अनिता देशमुख ने कहा कि ऐसे आयोजन समाज में जागरूकता, संस्कार और आपसी सदभाव को बढ़ाते हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता राजिम सर्किल प्रधान कुर्मी समाज के जवाहर वर्मा ने की। कहा कि समाज की उन्नति शिक्षा, संगठन और संस्कार के त्रिवेणी संगम से ही संभव है। युवाओं को प्रतियोगी परीक्षाओं और उच्च शिक्षा की ओर प्रेरित किया। विशिष्ट अतिथि के रूप में केंद्रीय कार्यकारी सदस्य माखन देशमुख, तुका वर्मा, संतोष देशमुख, ओमकुमार वर्मा, कोमल वर्मा, आशा वर्मा ,छोटू वर्मा विशेष रूप से उपस्थित रहे। अधिवेशन के दौरान समाज के वरिष्ठजनों का शाल एवं श्रीफल भेंटकर सम्मान किया गया। साथ ही विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को सम्मानित कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। विशेष रूप से सीए बने चुम्मन लाल वर्मा का समाज द्वारा अभिनंदन किया गया। उनके माता-पिता ने मंच पर सम्मान ग्रहण कर समाज के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में ज्ञान चंद वर्मा, खोवेंद्र देशमुख, गायत्री, रेवती ठाकुर, राम भारतीय, अजीत कुमार दिल्लीवार, भुवन वर्मा, केवल वर्मा, लेदु राम वर्मा, प्रभा वर्मा, धनेश्वरी वर्मा, यशोदा वर्मा सहित बड़ी संख्या में सामाजिक जन उपस्थित रहे। समाज के इस गरिमामय आयोजन ने एक बार फिर एकता, संस्कृति और सामाजिक समरसता का सशक्त संदेश दिया।

## तुलाराम बने भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा फिंगेश्वर मंडल के अध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुईहा बेलर

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने फ़िंगेश्वर मंडल ने बेलर निवासी सक्रिय कार्यकर्ता तुला राम साहू को पार्टी के पिछड़ा वर्ग मोर्चा का अध्यक्ष नियुक्त किया है। यह नियुक्ति प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव, संगठन महामंत्री पवन साय एवं पिछड़ा वर्ग मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष अशोक साहू की अनुमति तथा जिला संगठन प्रभारी अमित चिमनानी एवं जिला अध्यक्ष अनिल



चंद्राकर की सहमति से की गई है। नवनियुक्त अध्यक्ष तुला राम साहू ने कहा कि वे शुरू से ही भाजपा के निष्ठावान कार्यकर्ता रहे हैं और हर कार्यक्रम में सक्रिय भागीदारी निभाते आए हैं। उन्होंने कहा, पार्टी ने मेरी लगन और निष्ठा को देखते हुए मुझे यह जिम्मेदारी सौंपी है। मैं इस दायित्व को न केवल संगठन की मजबूती में खरा उतरूंगा व संगठन के प्रतीक के रूप में, बल्कि समाज के उत्थान और विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम के रूप में देखता हूं। मेरे नेतृत्व में फ़िंगेश्वर मंडल पिछड़ा वर्ग में संगठन और सशक्त होगा तथा पिछड़ा वर्ग समाज की आवाज मजबूती से उठेगी। इस अवसर पर राजिम विधायक रोहित साहू, जिला पंचायत अध्यक्ष गौरीशंकर कश्यप, जिला पंचायत सदस्य नंदनी ओमकार साहू, फ़िंगेश्वर मंडल अध्यक्ष मंजू हरित, महामंत्री भुवन साहू, वरिष्ठ नेता रामु राम साहू सहित क्षेत्र के कई गणमान्य शामिल थे।

### 3 मोबाइल पेट्रोलिंग गाड़ियां दिन-भर थाना क्षेत्र का भ्रमण करेंगी

## होली पर हुड़दंगियों की खैर नहीं, टीआई ने कहा-सिफारिश नहीं, सीधे होगी जेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

रंगों का त्यौहार होली अब महज दो दिन शेष है, लेकिन इस बार फिजाओं में वह पुराना उत्साह नजर नहीं आ रहा है। जहां एक ओर पलाश के लाल फूल फाल्गुन के आने की गवाही दे रहे हैं, वहीं दूसरी ओर पुलिस प्रशासन ने त्यौहार की शांति भंग करने वालों के खिलाफ अपनी कमर कस ली है। राजिम टीआई अमृत



लाल साहू ने स्पष्ट कर दिया है कि होली की आड़ में गुंडागर्दी और हुड़दंग करने वालों पर पुलिस का डंडा सख्ती से चलेगा। राजिम टीआई अमृत लाल साहू ने चर्चा करते हुए बताया कि थाना क्षेत्र के 32 में से 10 ऐसे संवेदनशील गांव हैं जहां विशेष रूप से निगाह रखी जा रही है। इन गांवों में किसी भी प्रकार से गुंडागर्दी करने वालों को बर्दाश्त नही किया जाएगा।सख्त से सख्त कार्यवाही की जाएगी। गुंडों के खिलाफ की जाने वाली किसी की भी सिफारिश नही सुनी जाएगी। दारू पीकर हुल्लड़बाजी करने वाले हुड़दंगियों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही की जाएगी। टीआई श्री साहू ने पालकों से अनुरोध किया हैकि कम उम्र के अपने बच्चों को दोपहिया वाहन चलाने के लिए न दें। बेरियर लगाकर चेक पॉईंट सुनिश्चित कर लिया गया है। कार्यवाही में किसी की सिफारिश नहीं सुनी जाएगी। टीआई ने बताया कि पेट्रोलिंग के लिए 3 गाड़ियां राजिम शहर सहित थाना क्षेत्र के 32 गांव में दिन भर भ्रमण करेगी। पेट्रोलिंग के दौरान हुल्लड़ करते पाए जाने पर थाना में बंद की जाएगी और विभिन्न धाराओं के तहत कार्यवाही होगी। नशे की हालत में वाहन चलाने वालों के ऊपर भी निगाह रखी जाएगी। चाहे वह दोपहिया वाहन ही क्यों न हो।

### पलाश के फूल दे रहे फाल्गुन का संकेत

राजिम और नवापारा दोनों शहर में इस पर्व को लेकर अब तक कोई सुगबुगाहट नहीं देखी जा रही है। न तो रंग-पिचकारियों के दुकान सजे हैं और न ही नगाड़े की थाप कहीं सुनाई पड़ रही है।यहां तक कि होलिका दहन के लिए जिस अंडे की झाड़ को गाड़ा जाता है वह भी रोड या किनारे में कहीं भी दिखाई नही पड़ रहा है।होली जलाने के लिए लकड़ियां इकट्ठे करने में भी किसी की दिलचस्पी नहीं रह गई है। शहर तो शहर, ग्रामीण अंचल में भी कहीं भी होली का माहौल नजर नहीं आ रहा है। एक बात पूरी तरह से अब साफ हो गई है कि होली के रंग-गुलाल से बचने के लिए अधिकतर लोग अपने घरों में ही कैद होकर रहना पसंद करते हैं।पलाश के पेड़ों में बम लाल फूल खिला हुआ देखा जा रहा है।यह फाल्गुन और होली का संकेत है। इस फूल से रंग बनाया जाता था।अब इसके रंग बनाने वाले कोई नजर नही आता।जमाना बदलता गया। आज के परिवेश में होली के लिए दुनिया भर का रंग बाजार में उपलब्ध हो गया है।

### महुआ शराब बिक्री कर रहे व्यक्ति पर कार्रवाई

**महासमुंद।** ग्राम कलमीझर रोड में मुक्तिधाम के पास शराब की बिक्री कर रहे एक व्यक्ति को तेंदूकोना पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि कि सूचना मिली थी कि ग्राम कलमीझर रोड मुक्तिधाम के पास पलसापेड़ के नीचे एक व्यक्ति भारी मात्रा में हाथ भट्ठी से निर्मित महुआ शराब को बिक्री के लिए रखा हुआ है। मौके पर पहुंचकर पुलिस ने आरोपी दिलीप निर्मलकर पिता नैनसिंग निर्मलकर (32 वर्ष) घोंच के कब्जे से करीब 12 लीटर हाथ भट्ठी निर्मित महुआ शराब कीमत करीब 2400 रुपए को बरामद किया। मामले में आरोपी के विरूद्ध धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

## सतरंगी गुलाल से सराबोर होगा राजीव लोचन मंदिर प्रांगण

### जुटेंगे 50 हजार से अधिक भक्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

पूरे प्रदेश में राजिम के होली का कुछ अलग ही आकर्षण रहता है। भगवान श्री राजीव लोचन से होली खेलने के लिए कोई 50 हजार से अधिक लोगों की भीड़ जुटती है जो आसपास के सैकड़ों गांव से आए होते हैं। दोपहर 3 बजे से लेकर रात 8 बजे तक पूरे 5 घंटे मंदिर का विशाल प्रांगण सतरंगी गुलाल के बौछारों से सराबोर रहता है। प्रांगण में नगाड़ों की थाप पर होलियारे न केवल नाचते-गाते, थिरकते हैं बल्कि हर पल गुलाल के बौछारों से माहौल रोमांचक हो जाता है। मंदिर में भारी भीड़ के बीच राजनेता भी पहुंचते हैं क्योंकि लोगों के साथ उनकी मुलाकात इसी बहाने हो जाती है। यहां कोई छोटा, कोई बड़ा नही होता। हर कोई एक-दूसरे को गुलाल लगाकर होली के इस पावन पर्व को बहुत ही सौहाद्र पूर्ण और समरसता के वातावरण में उमंग और उत्साह के साथ मनाते हैं। रंगारंग माहौल में फाग गीत और नंगाड़े की धुन पर खूब आनंद आता है। युवक तो युवक, युवतियां भी रंगों के रंग में रंग जाती हैं। श्री राजीव लोचन मंदिर परांगण में खेले जाने वाली होली हालांकि मथुरा की बरसाना जैसी तो नहीं कहा जा सकता, परंतु उससे कम भी नहीं आंका जा सकता। माघी पुन्नी मेला के दूसरे रूप में मंदिर प्ररांगण में लगने वाले भक्तों की भीड़ इस कदर रंग-गुलाल से सराबोर रहता है कि किसी का चेहरा कुछ समझ में नहीं आता। वैसे सामूहिक रुप से रंग-गुलाल खेलने का आनंद समूचे राजिम क्षेत्र में कहीं आता है, तो वह है श्री राजीव लोचन मंदिर प्रांगण की होली। बाकायदा नगाड़ा बजता है। नगाड़े की थाप पर यहां कई हजारों की संख्या में पहुंचे भक्त सतरंगी गुलाल उड़ाकर झूमते हुए खूब आनंद लेते हैं। भीड़ में महिलाएं और युवतियां भी बड़ी संख्या में मौजूद रहती है। राजनेता भी इसमें शामिल रहते हैं। रंग-गुलाल खेलने का यह सिलसिला दोाहर चार बजे से रात 8 बजे तक निरंतर 4 घण्टे चलता रहता है। मंदिर का यह विशाल [रांगण होलियारो से खचाखच भरा रहता है।

### होली के दिन मंदिर के पट सुबह 4:30 बजे खुलेंगे

होली जलाने की यहां परंपरा भी बरसों पुरानी चली आ रही है। परंपरा के मुताबिक मंदिर के सर्वराकार चंद्रभान सिंह ठाकुर



सबसे पहले महामाया मंदिर के पास होली जलाएंगे। दूसरे नंबर पर भुतेश्वर नाथ और उसके बाद भैरव बाबा मंदिर के पास जलाने के बाद शहर के तमाम जगहों पर रखे गए होली जलती है। मंदिर का पट सुबह 4.30 बजे खुलेगा। भगवान का विशेष अभिषेक, पूजा-श्रृंगार होगा। श्री राजीव लोचन को कृष्ण के रूप में जामा पहनाया जाएगा। मान्यता के मुताबिक भगवान श्री राजीव लोचन इस दिन भक्तों के साथ होली खेलने मंदिर प्रांगण में भ्रमण करते हैं।







विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप




### संकल्प बजट प्रदेश के स्वर्णिम भविष्य का रोडमैप

**मुड़ागांव(कोरासी)।** भारतीय जनता पार्टी मंडल खड़मा के अध्यक्ष हेमंत सिन्हा एवं पांडुका मंडल के पूर्व अध्यक्ष तथा वर्तमान किसान मोर्चा जिला महामंत्री संदीप पाण्डेय ने संकल्प बजट 2026-27 को ऐतिहासिक बजट बताया है। उन्होंने कहा कि यह प्रदेश के विकास में मील का पत्थर साबित होगा। वर्तमान बजट में माननीय वित्तमंत्री एवं मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने प्रदेश के सभी वर्गों का ध्यान रखा है। भाजपा का जो मूल मंत्र है सबका साथ, सबका विकास, सबका प्रयास और सबका विश्वास को चरितार्थ करने वाला बजट है। बजट में शिक्षा, कौशल विकास, नवाचार, अधोसंरचना, कृषि, महिला, युवा कल्याण के श्छेत्र में विशेष प्रावधान रखा गया है। वित्तमंत्री ने छत्तीसगढ़ को 2047 तक विकसित राज्य बनाने के लिए नया कदम उठाते हुए 2030 तक का रोडमैप इस बजट में रखा गया है । इस बजट में विशेष रूप से किसान, महिला एवं युवा वर्ग के लिए विशेष प्रावधान रखा है।

### बजट प्रदेश की तस्वीर बदलने वाला साबित होगा : पालेन्द्र

**मुड़ागांव (कोरासी)।** विकसित छत्तीसगढ़ राज्य 2047 के लिए आगामी 21 वर्षों में विकास को गति प्रदान किया गया। भारतीय जनता पार्टी मंडल खडमा के महामंत्री पालेन्द्र साहू ने बताया



कि पिछले दो बजटो के क्रम में देखा गया है कि इस बार का बजट वित मंत्री ने हर क्षेत्र हर वर्ग को ध्यान में रखते हुए बजट तैयार किया गया है जिसमें गांव शहर पिछड़े क्षेत्रों में तेजी से विकास कर विकसित भारत संकल्प सिद्धी तक किया जा सके जब संकल्प को लेकर सरकार में आऐ है तब से हर क्षेत्र में विकास को गति मिला है और अब यह बजट तो विकास को तेज गति प्रदान करेगा मंडल महामंत्री साहू ने बताया कि इस बजट में महतारी वंदन से लेकर उन्नत कृषि योजनाएं पीएम आवास योजना वन संरक्षण योजना और अनेक प्रकार के योजना लेकर आऐ बजट सर्व हितकारी योजना जिसमें अति पिछड़े क्षेत्रों में जैसे नक्सल वाद क्षेत्रों में एजुकेशन का प्रवधान लेकर आऐ बजट सरकार स्वागत योग्य कदम बताया।

---

**बैठक : जनपद पंचायत सभागार छुरा में विकास कार्यों की मैराथन समीक्षा बैठक हुई**

# लापरवाही बरतने वाले 4 सचिवों को नोटिस 15 मार्च तक काम पूरा करने का अल्टीमेटम

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुरा

जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रखर चंद्राकर ने बुधवार को जनपद पंचायत सभागार छुरा में एक महत्वपूर्ण बैठक लेकर विभिन्न योजनाओं की प्रगति की गहन समीक्षा की। इस बैठक में सभी अधिकारी-कर्मचारी, पंचायत सचिव उपस्थित रहे। सीईओ चंद्राकर ने विशेष रूप से प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) , प्रधानमंत्री जनमन आवास, मुख्यमंत्री आवास योजना को वर्तमान स्थिति पर फोकस कर उनमें तेजी लाने के निर्देश उपस्थित अधिकारी कर्मचारियों को दिए। उन्होंने आवास योजना के क्रियान्वयन में लगे सभी अधिकारी कर्मचारियों एवं पंचायत सचिवों को तत्काल प्रभाव से निर्माणाधीन आवासों को माह मार्च के भीतर पूर्ण कराने के लिए कहा गया । सीईओ ने कहा कि हमारी प्राथमिकता है कि हर पात्र हितग्राही को उसका पक्का मकान मिले। सभी अमला अपनी ज़म्मिेदारी को ईमानदारी और समयबद्धता के साथ पूरा करे। यह बैठक इस बात का संकेत है कि ज़िला प्रशासन अब इन प्रमुख योजनाओं के क्रियान्वयन को लेकर और अधिक सक्रिय हो गया है। सीईओ ने ढीले रवैए वाले सचिवों को तीखे स्वर में चेतावनी दी एवं चार पंचायत सचिवों को लापरवाही बरतने पर नोटिस भी दिया।सीईओ ज़िला पंचायत द्वारा जनपद पंचायत छुरा में लिया गया विभिन्न योजनाओं के निर्माण कार्यों समीक्षा मनरेगा अन्तर्गत मुख्य रूप से आगानवाड़ी निर्माण, उचित मूल्य दुकान निर्माण, मुक्तिधाम निर्माण कार्य को समय सीमा में करते हुए 15 मार्च तक करने के निर्देश सचिवों को दिये है। इसके अतिरिक्त मनरेगा के विभिन्न प्रकार के सभी प्रगतिरत कार्यों जैसे आजीविका डबरी, तालाब निर्माण, तालाब गहरीकरण, पशु शेड, बकरी शेड, एसएचजी भवन आदि कार्य को मार्च के पहले पूर्ण करने के निर्देश दिए।




**डबरी निर्माण का लिया जायजा**

इस अवसर पर बैठक में सीईओ जनपद पंचायत छुरा सतीश चंद्रवंशी, एडिशनल सीईओ रूपकुमार ध्रुव, आरईएस एसडीओ, विकासखंड समन्वयक, तकनीकी सहायक, सहायक विकास विस्तार अधिकारी, करारोपण अधिकारी, पंचायत सचिव की उपस्थिति रही। समीक्षा बैठक के उपरांत सीईओ ज़िला पंचायत द्वारा ग्राम पंचायत देवरी में मनरेगा से बन रहे भागीरथी पिता पुनाऊ राम के आजीविका डबरी का निरीक्षण कर हितग्राही से से उसके उपयोगिता के संबंध में चर्चा किया, हितग्राही द्वारा आजीविका डबरी निर्माण उपरांत मछली पालन कर जीविका पार्जन बढ़ाने का उद्देश्य बताया। सीईओ जिला पंचायत द्वारा उपस्थित तकनीकी सहायक दिव्या साहू, सरपंच दिलीप ठाकुर को सतत निरीक्षण कर नियमानुसार कार्य कराने के निर्देश दिए।

---

# प्रवासी मजदूरों के सशक्तिकरण के लिए ब्लॉक स्तरीय कार्यशाला




हरिभूमि न्यूज ⏭ छुरा

जनपद पंचायत सभागार में जिले में प्रवासी एवं असंगठित क्षेत्र के मजदूरों के सशक्तिकरण, सुरक्षित प्रवास एवं सामाजिक सुरक्षा योजनाओं से जोड़ने के उद्देश्य से एक दिवसीय ब्लॉक स्तरीय समन्वय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में विभिन्न शासकीय विभागों एवं सहयोगी संस्थाओं के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। कार्यशाला में श्रम विभाग, समाज कल्याण विभाग, स्वास्थ्य विभाग, खाद्य विभाग, पोस्ट ऑफिस एवं बैंकिंग तंत्र के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। इस दौरान प्रवासी मजदूरों के समक्ष आने वाली समस्याओं पर चर्चा की गई और उनके समाधान के लिए संयुक्त प्रयास करने पर सहमति बनी।वही साथी समाज सेवी संस्था के जिला समन्वयक श्रीराम साहू ने कार्यक्रम के उद्देश्य एवं लक्ष्य की जानकारी दी और प्रवासी मजदूरों के हित में कार्यक्रम को और प्रभावी बनाने की प्रतिबद्धता व्यक्त की। इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य प्रवासी मजदूरों को उनके अधिकारों की जानकारी देना, दस्तावेज़ सुधार एवं पंजीयन में सहयोग करना, विभिन्न शासकीय योजनाओं से जोड़ना तथा आपातकालीन सहायता उपलब्ध कराना है। कार्यशाला में जिला मजदूर संघ अध्यक्ष रुपनाथ बंजारे, अतरिक्त मुख्य कार्यापालन अधिकारी आरके ध्रुव समाज कल्याण विभाग के पंचायत इस्पेक्टर डीआर यादव हेमलाल कंवर लेबर इंस्पेक्टर रश्मि ठाकुर, तुकेश्वर साहू, विकाश सोनी, विभा साहू, निर्मल सेन, राजकुमार साहू, नागेश साहू, पुनेश्वर सेन एवं जन साहस संस्था की फील्ड ऑफिसर पुलकित साहू, लीलेश तथा जनसाथी मीनू वर्मा, कमल नारायण साहू उपस्थित रहे।

---

## कांदाडोंगर एवं ऋषिझरन को पर्यटन में शामिल करने मंत्री को सौंपा मांग पत्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ मैनपुर



भाजपा किसान मोर्चा प्रदेश मंत्री एवं जनपद सभापति देवेंद्र ठाकुर देवभोग ने संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री राजेश अग्रवाल से मुलाकात कर विधानसभा के आस्था के केंद्र कांदाडोंगर एवं ऋषिझरन को पर्यटन में शामिल करने के लिए आवेदन प्रस्तुत कर निवेदन किया है। श्री ठाकुर ने मंत्री जी से चर्चा करते हुए बताया कि कांडाडोंगर आपपास के लगभग 40 गांव का प्रमुख देव स्थल के साथ क्षेत्र का प्राकृतिक एवं सांस्कृतिक धरोहर है यहां की संस्कृति और परंपरा बहुत प्राचीन है। ऋषिझरण देवभोग क्षेत्र के साथ पड़ोसी राज्य उड़ीसा के लिए भी आस्था का केंद्र है घनेवनों एवं प्राकृतिक सुंदरता के मध्य स्थित यह स्थल तपोभूमि है जिसे पर्यटन कर विकास की मुख्यधारा शामिल करने की मांग बहुत अपेक्षति है दोनों स्थल के लिए सीढ़ी, सी.सी रोड सामुदायिक भवन, रंगमंच सोलर स्ट्रीट लाइट, सार्वजनिक शौचालय का मांग किया है आवेदक को स्वीकार करते हुए पर्यटन मंत्री ने जल्द कार्रवाई करने का आश्वासन दिया है।

---

# शिक्षा ही सशक्त राष्ट्र की आधारशिला : अनिल चंद्राकर

हरिभूमि न्यूज ⏭ गरियाबंद

श्री भूतेश्वर नाथ बाल संस्कार समिति द्वारा संचालित सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गरियाबंद में गुरुवार को शिशु नगरी (कक्षा अरुण से चतुर्थ तक) के भैय्या-बहनों का भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। विद्यालय परिसर रंग-बिरंगी सजावट, आकर्षक मंच और उत्साहित विद्यार्थियों की उपस्थिति से उत्सवमय वातावरण में बदल गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां भारती, ओंकार एवं सरस्वती माता के छायाचित्र पर दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया गया। तत्पश्चात स्वागत गीत की मनमोहक प्रस्तुति ने सभी अतिथियों और अभिभावकों का दिल जीत लिया। विद्यालय के प्राचार्य चैन सिंह बघेल ने विद्यालय का विस्तृत वृत्त वाचन प्रस्तुत करते हुए शैक्षणिक उपलब्धियों, संस्कारपरक गतिविधियों एवं सह-शैक्षणिक कार्यक्रमों की जानकारी दी।




कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित जिला अध्यक्ष भाजपा ने कहा कि शिशु मंदिर की शिक्षा प्रणाली केवल पाठ्यपुस्तकों तक सीमित नहीं है, बल्कि यह बच्चों के व्यक्तित्व, चरित्र और राष्ट्रप्रेम को भी गढ़ती है। उन्होंने कहा कि आज के प्रतिस्पर्धात्मक युग में जहां भौतिक शिक्षा को प्राथमिकता दी जा रही है, वहीं शिशु मंदिर संस्कार और अनुशासन के माध्यम से संतुलित शिक्षा का आदर्श प्रस्तुत कर रहा है। उन्होंने आगे कहा कि यहां भोजन से पूर्व मंत्रोच्चार, गुरुजनों का सम्मान, माता-पिता के प्रति आदर और राष्ट्र के प्रति समर्पण जैसे मूल्य बच्चों के जीवन में प्रारंभ से ही रोपे जाते हैं। यही कारण है कि शिशु मंदिर के विद्यार्थी आगे चलकर समाज और राष्ट्र की सेवा में अग्रणी भूमिका निभाते हैं। विशेष अतिथि आशीष शर्मा (जिला महामंत्री) ने कहा कि सांस्कृतिक कार्यक्रम विद्यार्थियों में आत्मविश्वास, अभिव्यक्ति क्षमता और नेतृत्व कौशल का विकास करते हैं। मंच पर प्रस्तुति देने से बच्चों के भीतर छिपी प्रतिभा निखर कर सामने आती है और वे समाज में सकारात्मक योगदान देने के लिए प्रेरित होते हैं। आयोजन को सफल बनाने में समस्त आचार्य/दीदी, समिति परिवार के पदाधिकारी, किशोर/कन्या/बाल भारती तथा स्काउट-गाइड के भैय्या-बहनों का सराहनीय योगदान रहा। अंत में व्यवस्थापक द्वारा सभी अतिथियों, अभिभावकों एवं सहयोगियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कार्यक्रम की सफलता पर प्रसन्नता जताई गई। पूरे आयोजन ने यह संदेश दिया कि शिक्षा के साथ संस्कार का संगम ही उज्ज्वल भविष्य की नींव है।

---

# पिछड़ा वर्ग मोर्चा के जिला महामंत्री बने थानसिंह निषाद

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुरा

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव, संगठन महामंत्रीपवन साय एवं पिछड़ा वर्ग मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष अशोक साहू की अनुमति और जिला संगठन प्रभारी अमित चिमनानी एवं जिला अध्यक्ष अनिल चन्द्राकर के सहमति से पिछड़ा वर्ग मोर्चा जिला अध्यक्ष शोभाचंद पात्र ने कार्यसमिति की घोषणा की। भारतीय जनता पार्टी पिछड़ा वर्ग मोर्चा छत्तीसगढ़ के अंतर्गत गरियाबंद जिले में थाना सिंह निषाद को जिला महामंत्री का दायित्व सौंपा गया है। थाना सिंह निषाद लंबे समय से पार्टी के सक्रिय एवं पूर्णकालिक कार्यकर्ता के रूप में संगठन को सशक्त बनाने में निरंतर योगदान देते



रहे हैं। संगठन के प्रति उनकी निष्ठा, सक्रियता एवं सामाजिक समर्पण को देखते हुए उन्हें यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी प्रदान की गई है। श्री निषाद नगर पंचायत छुरा में सभापति भी रह चुके हैं। जिला स्तर पर उनकी नियुक्ति से कार्यकर्ताओं में उत्साह का वातावरण है। पार्टी पदाधिकारियों ने विश्वास व्यक्त किया है कि उनके नेतृत्व में पिछड़ा वर्ग मोर्चा संगठनात्मक रूप से और अधिक मजबूत होगा तथा समाज के विभिन्न वर्गों तक सरकार की योजनाओं और पार्टी की नीतियों को प्रभावी ढंग से पहुँचाने का कार्य करेगा। कार्यकर्ताओं एवं शुभचिंतकों ने थाना सिंह निषाद को नई जिम्मेदारी के लिए बधाई एवं शुभकामनाएँ प्रेषित की।

---

# बजट से रसेला-छुरा मार्ग नदारद, आक्रोश

हरिभूमि न्यूज ⏭ रसेला

छत्तीसगढ़ की विष्णुदेव सरकार अधोसंरचना के क्षेत्र में दुतगामी सड़क संपर्क योजना शुरू करने जा रही है। इस नई योजना का मुख्य उद्देश्य राज्य के आर्थिक केन्द्रों को जोड़ने वाली सड़कों का कम से कम टू लेन सड़कों में उन्नयन करना है। इसी कड़ी में रसेला से छुरा मार्ग कई वर्षों से क्षेत्रवासियों के द्वारा टू लेन सड़क बनाने की मांग कर रहे हैं, मगर इस बजट में नहीं होने के चलते क्षेत्रवासियों का सपना चकनाचूर हो गया। रसेला क्षेत्र वनांचल, नदी नाले, पहाड़ इत्यादि से आच्छादित है। इसके कारण अभी भी क्षेत्र बारहमासी कनेक्टेड नहीं है। क्षेत्रवासियों को बुनियादी सुविधाओं की कमी ग्रामीणों को आज भी खल रही है। बजट में स्थान नहीं मिलने के कारण ग्रामीणों की उम्मीदों पर पानी फेर दिया गया। क्षेत्रवासियों ने बताया कि यदि इस बजट पर मिल जाता तो सड़क कार्य पूरे होकर क्षेत्रों की तस्वीर बदली जा सकती है। इसे लेकर अब नजरें शासन प्रशासन की ओर टिकी है, जिससे अंचल वासियों वह सुविधाएं मिल सकें जिनका लंबे समय से इंतजार कर रहा है।

**जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों ने खोला मोर्चा**

शिक्षा के क्षेत्र में भी चुनौतियां सामने है। क्षेत्र में संचालित विद्यालयों के कुछ भवन जर्जर हालत में है,जो बच्चों की सुरक्षा के लिहाज से खतरा बने हुए हैं। क्षेत्र में युवाओं के लिए मैदान और मिनी स्टेडियम आज कही पर नहीं बना है। इस क्षेत्र जनप्रतिनिधि जनपद सदस्य नारायण सिन्हा, मिलन्तीन कुंजाम,



बिमला नागेश, सुखराम ठाकुर, सरपंचगण रूपादेवी ठाकुर, हेमलता ध्रुव, लता नागेश, राजकुमारी ध्रुव, तुलेश्वर ध्रुव, रवि मरकाम, भोजराज नागेश, ललिता कंवर, विजय कृष्णा नागेश ने कहा कि रसेला से छुरा मार्ग की जर्जर स्थिति स्थानीय लोगों, विशेषकर इस क्षेत्र के निवासियों के लिए आवागमन में बड़ी बाधा बनी हुई है। बजट में अनदेखी कर दिया गया है, बुनियादी ढांचे पर ध्यान नहीं दिया गया है, जिसमें मुख्यमंत्री द्रुतगामी सड़क संपर्क योजना के तहत 36 सड़कों को शामिल किया गया है, लेकिन रसेला - छुरा मार्ग को शामिल न किए जाने से ग्रामीणों के सपने चकनाचूर हुए हैं। विकास पर असर :- इस सड़क के न बनने से ग्रामीण क्षेत्र, किसान और स्कूल जाने वाले बच्चे प्रभावित हो रहें हैं। हालांकि 2026 के बजट में 9,450 करोड़ रुपये का आवंटन लोक निर्माण विभाग को किया गया है, लेकिन प्रमुख ग्रामीण ग्रामों ( जैसे रसेला - छुरा ) के आधुनिकीकरण के लिए अभी भी स्थानीय लोग संघर्ष कर रहे हैं। ग्रामीण अब इस महत्वपूर्ण सड़क निर्माण के लिए सरकार से आर-पार की लड़ाई लड़ने के लिए कमर कस कर तैयार हो रहे हैं।

---

**शोभा और पयलीखण्ड में विशाल सिविक एक्शन शिविर, ग्रामीणों का जीता दिल**

# ग्रामीणों को वितरित की गईं सामग्रियां





हरिभूमि न्यूज ⏭ मैनपुर

आदिवासी विकासखण्ड मैनपुर क्षेत्र अंतर्गत पुलिस थाना शोभा में नक्सल विरोधी अभियान के तहत 211 बटालियन केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल की कंपनियों द्वारा नक्सलियों के खिलाफ परिचालनिक अभियान चलाए जा रहे हैं। इसके अतिरिक्त ई 211 कंपनी द्वारा स्थानीय ग्रामीणों को मुख्य धारा में लाने की भावना से सुदूर इलाकों में लगातार समाज सेवा जन कल्याण के लिए कई कार्यक्रमों का आयोजन भी किए जाते हैं। केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल शोभा द्वारा कन्या आश्रम शाला शोभा खेल मैदान में विशाल सिविक एक्शन कार्यक्रम एवं निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के अध्यक्षता 211 बटालियन केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल विजय प्रताप कमांडेंट, रंजन कुमार बहाली द्वितीय कमान अधिकारी, इकबाल अहमद उप कमांडेंट, डॉ देवीनेनि तपस्विनी चिकित्सा अधिकारी 211 बटालियन संतोष कुमार सहायक कमांडेंट 211 बटालियन एवं जिला पंचायत सदस्य संजय नेताम, थाना प्रभारी शोभा ज्ञानेश्वर सिंह गंगवाल, सरपंच ग्राम पंचायत शोभा घनश्याम मरकाम, सरपंच ग्राम पंचायत गोना नरबती नेताम, सरपंच ग्राम पंचायत अड़गडी फूलमती नेताम, और शाला के प्रधानाचार्य चुन्नीलाल नेगी के मुख्य आथित्य मे 3 ग्राम पंचायत शोभा,गोना,अड़गडी के सैकड़ो जरूरतमंद ग्रामीणो एवं स्कूली बच्चो को जरूरत के सामग्रियों का वितरण करते हुए हेल्थ चेकअप कैंप का आयोजन किया गया जिसका भरपूर क्षेत्र वासियों ने फायदा उठाया। सिविक एक्शन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के कमांडेंट विजय प्रताप ने कहा कि गरियाबंद जिला को नक्सली मुक्त जिला बनाने में आप सभी का सार्थक सहयोग मिल रहा है। मित्रवत व्यवहार से ही यह सब संभव हो सका है। अब भय मुक्त होकर अपने जीवन निर्वाह करने में आप सब सक्षम होंगे। मूलभूत सुविधाओं से वंचित गांव में भी अब विकास रफ्तार पकड़ेगी। इस दौरान साइबर ठगी से बचने के उपाय को विस्तारित रूप से जानकारी देते हुए उपस्थित जन समुदाय को डायल 1930 की जानकारी शोभा थाना प्रभारी ज्ञानेश्वर सिंह गंगवाल के द्वारा दिया गया। इस कार्यक्रम में सैकड़ो जरूरतमंदों को टेलीविजन,कंबल,सोलर लालटेन, पानी भंडार हेतु सिंटेक्स, गैती,फावड़ा, साड़ी, लूंगी, गमछा, क्रिकेट बैट, टेनिस बॉल, क्रिकेट स्टम्प,फुटबॉल, वॉलीबॉल, वॉलीबॉल नेट, पतीला, डेंगचा, बगोंना, स्टील प्लेट, स्टील ग्लास, चप्पल, एवं स्कूली बच्चों को स्कूली बैग, स्कूल ड्रेस एवं स्टेशनरी सामान का वितरण किया गया। सभी जनप्रतिनिधियों ने सिविक एक्शन प्रोग्राम एवं निशुल्क चिकित्सा जांच शिविर का सैकड़ो क्षेत्र वासियों एवं जनप्रतिनिधियों ने खुले मन से प्रशंसा किया गया।

**पयलीखण्ड थाना में सिविक एक्शन कार्यक्रम**

गरियाबंद जिले में चलाए जा रहे एंटी नक्सल ऑपरेशन में अहम भूमिका निभाने वाली सीआरपीएफ नक्सल प्रभावित इलाके में सीधे जनता से भी जुड़ने समय- समय पर जन कल्याण कार्यक्रम चलाते रहती है। सीआरपीएफ 211 बटालियन ने नक्सल प्रभावित गांव पायलीखण्ड में आज सिविक एक्शन कार्यकम का आयोजन किया। जहां ग्रामीणों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। इस परीक्षण में पता चला कि ज्यादातर ग्रामीण खून की कमी से होने वाले एनीमिया के शिकार हैं। जवानों ने तत्काल सभी को दवा उपलब्ध कराया है। इसके अलावा सभी वर्गों के ग्रामीणों को उनकी दिनचर्या के कई जरूरी सामान भेंट कर जवानों ने ग्रामीणों का दिल जीत लिया। नक्सल प्रभावित क्षेत्र के ग्रामीणों के साथ सीआरपीएफ का जुड़ाव एंटी नक्सल ऑपरेशन का एक हिस्सा भी है। ऐसे अभियान चला कर पुलिस व जवान अंदरूनी इलाके में अपनी

---

**विकसित छत्तीसगढ़ की आधारशिला है बजट**

**राजिम।** नगर पालिका अध्यक्ष महेश यादव ने बजट पर अपनी प्रतिक्रिया



देते हुए कहा कि यह बजट विकसित छत्तीसगढ़ की आधारशीला है, सरकार ने इस बजट में गांव, गरीब किसान, मजदूर, बुजुर्गों और महिलाओं का खास ध्यान रखा है, नए-नए संस्थानों को राज्य में आने का न्यौता भी दिया जा रहा है, साथ ही बेरोजगार युवाओं के लिए भी कई रोजगार भी शामिल है।





